दैनिक भास्कर

उदयपुर 12-11-2024

इंडियन मेटल सेक्टर में क्लाइमेट एक्शन रिपोर्ट करने वाली हिन्दुस्तान जिंक बनी पहली कंपनी

उदयपुर | देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड अपनी चौथी क्लाइमेट एक्शन रिपोर्ट लॉन्च करने वाली देश में धातु और खनन क्षेत्र की पहली कंपनी बन गई है।



इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड बोर्ड्स द्वारा जारी इंटरनेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड एस 2 के लिए यह रिपोर्ट हिन्दुस्तान जिंक की जलवायु पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि हिंदुस्तान जिंक में सस्टेनेबिलिटी हमारे अस्तित्व के मूल में है। हमारे बिजली उपयोग में रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ाने, बैटरी चलित वाहनों के संचालन, जल प्रबंधन सुनिश्चित करने जैसे प्रभावशाली परिवर्तन लाने से हमारा स्वच्छ भविष्य की दिशा में ठोस प्रयास दिखता है।